

नरसीमेहता का बडा मामेरा

खेमराज श्रीकृष्णदास प्रकाशन, बम्बई.

श्रीः

नरसीमेहेता का बड़ा मामेरा.

इन्दौरनिवासी-साह शिवकरण रामरतन-

दरक माहेश्वरी मारवाड़ी मूंडवेवाला कृत.

मुद्रक एवं प्रकाशकः

खेमराज श्रीकृष्णदास,™

अध्यक्ष : श्रीवेंकटेश्वर प्रेस,

खेमराज श्रीकृष्णदास मार्ग, मुंबई - ४०० ००४.

संस्करण : फरवरी २०१८, संवत् २०७४


मूल्य : १०० रुपये मात्र ।

मुद्रक एवं प्रकाशकः
खेमराज श्रीकृष्णदास,™
अध्यक्ष : श्रीवेंकटेश्वर प्रेस,
खेमराज श्रीकृष्णदास मार्ग,
मुंबई - ४०० ००४.

Printers & Publishers :
Khemraj Shrikrishnadass,
Prop: Shri Venkateshwar Press,
Khemraj Shrikrishnadass Marg, 7th Khetwadi,
Mumbai - 400 004.

Web Site : http://www.Khe-shri.com
Email : khemraj@vsnl.com

Printed by Sanjay Bajaj For M/s. Khemraj Shrikrishnadass Proprietors Shri Venkateshwar Press, Mumbai - 400 004, at their Shri Venkateshwar Press, 66 Hadapsar Industrial Estate, Pune 411 013.


गणेश.
सरस्वती.
नरसीजीकीदुकान
गुमास्ते.
सभाजन
साधुजन.
नरसी
द्रव्यलुटाते


शिव.
नरसी
शिव
विष्णु
नरसी
नानी बाई सूं मिलकर
कोकल्योजूनेगढ़
जावै
श्रीरंग.
नराणु.
डोकरी


नरसीजीकोघर


नरसीजीको माहेरो लेजावे


नरसीजीकी डी टूटी
कृष्णवांति
बनाकर
गाडी सुधारे
अंजार सभा
कोकल्यो


संतजन.
नरसीजी
नानीबाई
नानीबाई
सास
नराणुं


नरसीजी-श्रीकृष्णजीके सिंहासनपर
माहेराकोकागद धरतेहैं·


श्रीकृष्ण माहेरो लेजातहैं·


नानीबाई. सांवल साह माहेरोल्यायो.
गायन समाज
सावलियोमारापेलो
सा.
नरसीजी


सांवल साह माहेरो
पहरावै
गाल्यांगते
है
सांवल
सांवल साह
जानजमते है

प्रस्तावना

★

प्रकट हो कि अब मैंने नरसीके तीन जन्मकी पूर्वोक्त कथा जैसे गोलोकगमनागमन, भगवत वरदान कथा हुंडी व जाति विवाद वा केदारोराग, गहणों धरके ब्राह्मण भोजन कियो तहां ऋद्धि बढ़ी तब संन्यासी कोप्यौ, मंडलीक राजापै जायके पुकारचो तब राजा कोप्यौ और नरसीको बुलायो भगवानकी मूर्तिके पास माला मँगवाई, तहां भगवान् नरसीको स्वरूप धरिकै राग केदारो छुड़ाय लाये और मंडलीक राजाकी राणीको स्वरूप धरिके जल पायवेके मिस नरसीजीको राग केदारो दियो और भगवान्‌ने प्रसन्न होकर माला पहिराई और भगवान् लक्ष्मीसहित नरसीके गृह आयके कौशल्या ब्राह्मणको भोजन करायो, मामेरो भरचो, भात जिमायो इत्यादि बहुतसे उत्तम उत्तम स्थलोंका अनुक्रम मिलाके बड़े श्रमपूर्वक तैयार किया है इसमें बहुतसी रागरागिनी, दोहे अत्यन्त ललित रक्खे गये हैं। जिसके बाँचने और पढ़नेसे भक्तिरूप अंकुर उदय होकर भगवान्‌में दृढ विश्वास हो जावे। जिसको श्रवण करनेसे भवसमुद्रसे सहज ही तरें। अगले बनाये हुए पुस्तकमें अनुक्रम मिलाकर इंदौरमें छपाया, जिसमें मेरा नाम पता छाप ठिकाणा लिखा था। उसे कोई अविवेकी दुष्ट आत्माने छाप तोड़के बगैर नाम पतेसे अधूरा व अशुद्ध छपवा दिया, खैर हमारा नाम तो श्री परमेश्वर रक्खेगा अब मैंने इस पुस्तकको बहुत शुद्ध करके मुंबई निवासी श्रीवेंकटेश्वर प्रेसके मालिक

श्रीमान् सेठजी खेमराज श्रीकृष्णदासजीको पुनर्मुद्रणादि सर्वाधिकार समेत दे दिया है. इससे कि अन्य कोई छापनेका साहस न करे। अन्तमें सज्जन पुरुषोंसे प्रार्थना है कि मैंने इसमें जो परिश्रम किये हैं इस पुस्तकको स्वीकार कर तथा भक्तियुक्त अंतःकरणसे पढ़कर मुझे उत्साहित करके श्रीमान् सेठजी साहबको अनेक भक्तिमार्गके ग्रन्थोंके मुद्रण करनेमें वे लोग प्रोत्साहित करेंगे ॥ इति शम् ॥

आपका कृपाभिलाषी–

शिवकरण रामरतन दरकमाहेश्वरी मारवाड़ी.

*

नरसी मेहेताका बड़ा मामेरा

★

प्रथम प्रकाश.
भक्तवत्सल रागकौतूहल, दोहा
चौपाई. पदवन्ध प्रारम्भ

दोहा

श्री श्री श्रीसद्गुरु प्रणम्य, द्वितिय बन्दूं सब साध ।
तृतिय बन्दूं परब्रह्मको, द्यो वाणी विमल अगाध ॥१॥
भक्तां गत भगवत गत, मोपे लखी न जाय ।
श्रीगुरुदेव दया करौ, दीजे भेद बताय ॥२॥

सोरठा

विघ्नहरण गणराज, देहु सदा शारद सुमति ।
कीजिय मङ्गल काज, कंठ कमल वाणी विमल ॥ ३ ॥

चौपाई

श्रीगुरु चरण कमल चित राखू । भक्ति प्रभाव विरणद यश भाखू ।
बन्दौं भक्त भक्त बुद्धि पाऊं । नरसीको इतिहास सुनाऊं ॥४॥
गूजरात जूनैगढ माहीं । जगत छांडकर भक्त कमाहीं ॥
नागरकुल बडनगराकेहीं । पूर्वजन्मकी अगती लेहीं ॥५॥
तृतिय जन्मकी कथा सुनाऊं। थोड़ेमें बहुती समझाऊं ॥
पूरब जन्म हुतौ नृप भारी । सुभद्र नाम सतवंती नारी ॥६॥
सदावर्त्त पक्षिनको दीन्हो । खग मिल घात ऋषिकों कीन्हो ॥
पुण्य करत लागो तिन पापू । प्रिय दुखित ह्वै दयो शरापू ॥७॥

सो वह कथा यहां नहीं आनी । मीरा मिथुला बहुत बखानी ॥
कछु यक तात परिज चुन लेहूं । लघु संक्षेप यहां लिख देहूं ॥८॥
यहां शिवकरण कहत कछु छाई। ग्रंथ बढै बांचें कोउ नाईं ॥
यह सुन रीस करो मति कोई । इतनोइ पढै सुनै धनि सोई ॥९॥

दोहा

नृप सुभद्रको शाप अति, दयो विप्र कोउ काल ।
गयो महारणके विषे, भयो सिंह विकराल ॥१०॥

चौपाई

नारी सहित सिंह तन धारे । वनके जन्तु सकल चुन मारे ॥
रहे न खग मृग सकल सँहारे । धावा बहुत दूरलौं पारे ॥११॥
हने पथिक गोग्वाल समेता । चलत न पंथ होत भय भेता ॥
द्वारावती जात मग माहीं ।सुनत हांक सब लोग पराहीं॥१२॥
ऊजर ग्राम भये नर भागे । पन्थी पंथ और कोउ लागे ॥
फिर सत कोश द्वारका जाहीं । आदि पंथ कोउ पग न धराहीं१३

दोहा

गागरौन गढको धनी, खींची पीपा नाम ।
भयौ भक्त सब जक्त तज, गयौ त्याग धन धाम ॥१४॥

चौपाई

पीपा भक्तसीत अरधंगा । चल्यौ द्वारका मन कर चंगा ॥
सीधे राह लगे हरि दासा । जानि द्वारका निकट सुवासा ॥१५॥
अति आतुर दर्शनके ताईं । विकट पन्थ किहिं चले पराईं ॥
बरज्यो बहुत कहा नहिं माना। निर्भय चले सुमिरि भगवाना १६

अधबिच सिंह सिंहणी आये। वचन भयंकर गरजि सुनाये ॥
नख सँवारि दोउ नाचैं तरजैं। प्रलयकाल सम पुनि पुनि गरजैं १७
राम राम पीपा जब गावा। केहरिके सब पाप बिलावा ॥
तब मृगराज चरण गहि लीया। पीपे भक्त ज्ञान जब दीया ॥१८॥
सुनत बचन अनुकम्पा आई। ह्वै रोमांच देह थरराई ॥
पीपा भक्त ज्ञान पुनि दीन्हा। पूरब जन्म सिंह जब चीन्हा॥१९॥
लगीसमाधि खुलेनहीं नयना। लुटत चरणमुख व्याकुल बयना ॥
पीपा भक्त पोख तब दीया। श्रुति पुराण उच्चारण कीया ॥२०॥
मंश अंशमें पाप बताया। भिन्न भिन्न मृगपति समुझाया ॥
मंश अंश जो मुखमें आवै। शूकर श्वान जौण सतपावै ॥२१॥
उलुक काकबक बागल होई। आमिष खाय सिंह ह्वै सोई ॥
पुनि बहुजीव हनै वह पापी। पाप पुंजका मिटै न थापी ॥२२॥
सिंह देह सम अधम न कोई। बढै पाप पुनि अजगर होई ॥
वर्ष सहस दोउ देह रहावै। घीसै पेट महा दुख पावै ॥२३॥
गिरगट होत त्याग तनु भाई। दश हजार लौं देह रहाई ॥
गिरगट जौण पाप बहुकरही। पुनि २ देह सरटकी धरही ॥२४॥
सरट समान अधम कोउ नाहीं। चुगली करे मांस पुनि खाहीं ॥
तनक कहीं लरिहैं नरनारी। जो सुनलेहि मांसके अहारी ॥२५॥
पशू खाय गिरगिट तनु पावै। मानुष खाय कौन गति जावै ॥
चंद सुरज जहँतकरह धरणी। मांस अहारि न सुधरे करणी ॥२६॥
समझै नहीं ज्ञान नहिं लागै। जो कोइ कहै क्रोध तन जागै ॥
ह्वै राकस बहु जीव सतावै। फिर या इकोत्तर नरक पठावै ॥२७॥
कोउ इक पुण्य मनुषतनु धरही। होहि अपुत्र पुत्र जन मरही ॥
तब संतान गुपाल जपावै। मांस पापको मर्म न पावै ॥२८॥

यहि विधि ज्ञानसिंहको दीन्हों। शिरपै हाथ धऱ्यो शिष्य कीन्हों
संत वचन हिरदे कोउ धरही। ते नर काल फंदतैं टरही ॥२९॥

दोहा

चलती हलती आतमा, रामरूप सब जाण।
कबहूँ न भूल सताइये, सब घट तोसे प्राण ॥ ३० ॥
जीव अमर अज अज अमर, छिदत भिदत नहिं ताप।
नाहरको पीपा कह्यो, प्राण हनेको पाप ॥ ३१ ॥
जीव मार जाहर कर, खाता करै बखाण।
पीपापरतक देखल्यो, थाली माहिं मसांण ॥ ३२ ॥
केहरि सुन मन मोद अति, गहै संतके चरण।
मानव जिह्वा स्वापते, तजत नाहिं शिवकरण ॥३३॥

चौपाई

त्राहि त्राहि करि केहरि रोयो। प्रभु मैं जन्म अकारण खोयो ॥
पीपै कह्यो राम भज भाई। तजो जीव मानस अरुगाई ॥३४॥
सब आतम अपनी सी जानो। दया देह अनुकंपा आनो ॥
नर बीरजतें उतपति होई। नरक बीच बोओ मति कोई ॥३५॥

दोहा

राम राम जब सिंह जपि, हृदय धारि सह प्रेम।
तज्यो जीव हनबो तबै, लह्यो जु निश्चय नेम ॥३६॥

चौपाई

बचन सुनत मृगपति व्रत कीन्हों। क्षुधित पिपास प्राण तज दीन्हों॥
सिंहिनि मरी पीवके संगा। बस वैकुण्ठ सहित अरधंगा॥ ३७॥
पुनि हरि भक्त करणके ताहीं। भरत खंड मृतमंडल आहीं ॥
भरतखंड बिन भक्त न होई। श्रीमुख वचन दियो बरसोई ॥३८॥

मानव तन उत्तम कुल पावो । करो भक्ति गोलोक सिधावो ॥
प्रभु आज्ञा ले शीश चढ़ाये । भक्ति करण मृतमंडल आये ॥३९॥
प्रेमाभक्त प्रेमरस भीनी । दिन दिन प्रति दिन बढ़हिं नवीनी ॥
वर शिवकर्ण दियो अति भारी । मनुजवतार लयो नरनारी ॥४०॥

दोहा

नरहरिको नरसी भयो, नाहरिकी भइ नार ।
ह्वै हैं कन्या ताहि इक, ब्यावहिं नग्र अँजार ॥४१॥
जाके इक कन्या हुती, ताको रचहिं विवाह ।
मोहेरो नरसी तणो, भरसी सांवल साह ॥४२॥
यहां बहुत सँकोचिके, तनक कहत हूँ सार ॥
विविध भाँति आगे कहूँ, सुनो सहित विस्तार ॥४३॥

चौपाई

आज्ञा गुरु गोविंदकी पाऊँ । नरसी कथा यथामति गाऊँ ॥
नागरवेश बड़े आचारी । जूनेगढ़ गुजरात मँझारी ॥ ४४ ॥
तहां आय नरसी वपु धारा । सकल कुटुंब लहै सुखसारा ॥
जनमतही शिवभक्ति सम्हाई । माता पिता ज्येष्ठ यक भाई ॥४५॥
शिवकी महिमा बहुत बखानै । विष्णुभक्त स्वप्ने नहिं जानै ॥
गोधन वृषभ विभव अति भारी। रथ शिबिका गज वाजि सँवारी ॥
बहु गुमासता सेवक दासा । लक्ष्मी वसै सदा तिन पासा ॥
इयाझाँ चलै दिसावर जावै । कर व्यापार माल बहुलयावै ॥४७॥
अरबपती धनको नहिं पारा । गहणा राखै देह उघारा ॥
प्रिया इकीस रिद्धि चलि आई । कबहूँ न खूटी सदा सवाई ॥४८॥
पुरखा सकल भये बड़ा नामी । यश कीरति जगमें बहुजामी ॥
नरसी लग्न भयो तिहिं वारा । ताको द्रव्य लग्यो लख च्यारा ।४९।

प्रथम ब्याह नरसीजी ताके । कन्या पुत्र भये दोउ जाके ॥
भई शांति त्रिय और विहाई । बरसबतीस अवसथा आई ॥५०॥
पुत्री नगर अँजार विहाई । बड़ी बरात धूमतैं आई ।
उभय लक्ष ता समय लगाये। शोभासहित सकल मन भाये ॥५१॥
अगणित द्रव्य भरे भंडारा । कबहूँ न खूटै अंत न पारा ॥
पूजा अतिथि करै नित प्रीती । उनकी सदाकाल यह रीती ॥५२॥
साधू भक्त द्वार चलि आवै । सदाबरत नित नेम दिवावै ॥
एक दिवस मंडली चलि आई। उतरे पोलमाहिं रुचि पाई ॥५३॥
कथा कीर्तन हरियश कीन्हा । नरसी सुणे श्रवण चित दीन्हा ॥
मनन करत निध्यासन होई । गदगद भयो प्रेमवश सोई ॥५४॥
चरचा सुनी भर्मसब भाग्या । पिगल्यामन निज मन तब जाग्या ॥
हिरदा शुद्ध भया तत चीन्हा । पाया ज्ञान प्रेमरस भीना ॥५५॥
प्रेम भक्ति नरसी मनमानी । नीरस वैन अटपटी वाणी ॥
विष्णुभक्ति दृढ भई सदाई । नरहरि गुरु किरपातै पाई ॥५६॥

दोहा

लहर उठी वैराग्यकी, करम भरम चकचूर ॥
काम वासना सब मिटी, भागे मोह अरु कूर ॥५७॥
दीन्हों द्रव्य लुटाय सब, मास दवादश माहिं ॥
देश दिसंतर सब सुनी, हुंडी चालै नाहिं ॥५८॥
गहणा कपड़ा बेचके, भक्तन दीन खवाँहिं ॥
थिन वित बासण और कुछ, सौंज हुती घर माहिं ॥५९॥
निर उद्यम निरद्वंद है, धरयो भक्तको भेष ॥
दंभरहित हरि हर भजे, चतुराई नहिं लेश ॥६०॥

निष्कामी निष्कपट है, निजानंदपद नेह ॥
शिव प्रसन्न शिवकरण हुए, कह्यो मांगि कछु लेह ॥६१॥

पद राग विहाग

श्रीगणपतकी आज्ञा पाऊँ। हरिभक्तन को यश गाऊँ ॥ टेर-गुरु चरना शीश निवाऊँ ॥ शारद पै सुमती पाऊँ ॥ मैं तो शिवही शिवको ध्याऊँ ॥ जलसूं असनान कराऊँ ॥१॥ म्हें तो चावल चरन चढाऊँ ॥ नित आक धतूरा ल्याऊँ ॥ म्हें तो घड़घड़ गाल बजाऊँ ॥ यातें हड़हड़ नाथ हँसाऊँ ॥२॥ म्हें तो सूरज ध्यान लगाऊँ ॥ लेलेबीलपत्र चढाऊँ ॥ अगड़बँब बँब मुख गाऊँ ॥ शिर जल धारा बरसाऊँ ॥३॥ यातें प्रसन्न भये शिव राजा ॥ कहि मांग मांग सारूं काजा ॥ मोकूं और कछू ना चाहिये। श्रीराधाकृष्ण मिलइये ॥४॥ मोकूं प्रेम भक्ति नित भावे ॥ मोय और कछू न सुहावे ॥ मोपै एक कृपा प्रभु कीजे ॥ मोकूं भक्ति पदारथ दीजे ॥५॥ धन धन नरसी बुद्धि तिहारी ॥ तैं तो वर मांग्यो अति भारी ॥ ऐसी बुद्धि और को पावे ॥ हरि भक्तनको हरि भावे ॥ ६ ॥

चौपाई

मांगु कहा कछू नहिं चाहिये। प्रभु मोहिं राधाकृष्ण मिलाइये ॥
यह सुन प्रसन्न भये त्रिपुरारी। नाचत नाथ बजावत तारी ॥१॥
धन्य धन्य बोले शिव वाणी। नरसीकी निजभक्ति पिछाणी ॥
गवने सङ्ग सखा ले धाये। नरसीको गोलोक दिखाये ॥२॥

पद राग काफी

जाय पहुँचे गोकुल वृन्दावन नरसी रास रचायो ॥ टेर-पाय घुँघरू घमक बजावत प्रेममगन गुन गायो है ॥ मिरदङ्ग

ताल संख सुरनाई मुरली बीण बजायो है ॥ १ ॥ तानमान स्वरताल भेद तज अदभुत निरत दिखायो है ॥ प्रेमपुञ्ज नहिं लखत गुञ्ज तहां हावभाव छबि छायो है ॥२॥ गानछटा धुरपद धमाल धुधकार धरण धमकायो है ॥ भये प्रेमवश देव थकित सब उनमुन ध्यान लगायो है ॥३॥ रहे चित्रसम हलत चलत न प्रेमप्रीति रस पायो है ॥ नैन सेनमुख बैन मुदित मन हरखि हरखि छबि छायो है ॥ ४ ॥ नारदादि विस्मय अपार सुरनार कमल सकुचायो है ॥ सहचरि अनेक अपछर अपार गांध्रवन पार नहिं पायो है ॥५॥ हरि पूछैं हरसों मुखमुलकत सखा कहांते आयो ॥ घर गुजरात वास जूनेगढ नरसी नाम कहायो है ॥६॥ शिवके वचन सुनत करूणानिधि नरसी कंठ लगायो है । रीझे हरि दियो केदारी नागरि ये यश गायो है ॥७॥

दोहा

हरि हरिजन दोहु मिलमिले, भई परसपर प्रीत ॥
क्षीर नीर शिवकरण कह, उत्तम जन यहि रीत ॥१॥
आपस मैं आड़त पड़ी, पक्की भई पिछाण ॥
कागद दीज्यो द्वारिका, सांवलसा सहिं धाण ॥२॥
काम काज लिखवो करो, आलस करो न मत ॥
मेरी कोठी द्वारिका, हुंडी लिखौ निचिन्त ॥३॥

चौपाई

नरसी कर प्रणाम सिधाये । पहुँचे भवन गोविंद गुण गाये ॥
पूजे अतिथि करै सतसङ्गा । जक्त न लखै भक्तको अंगा ॥४॥

पुरजन करै मसकरी सगरा । बोलै कटुक रखैं नित झगरा ॥
यक दिन साधू आये चार । कारी मस्करी भेजे द्वार ॥ ५ ॥
कहि तुम नरसीके घर जावौ । वापै हुंडी तुरत लिखावौ ॥
आगे पन्थ विकट है भाई । का वा लूट लेत दुखदाई ॥६॥

दोहा

नरसीकी हुंडी वटै, च्यार खूंट माहिं ॥
भुवन चतुर्दश खंड नव, पीछे पलटै नाहिं ॥ ७ ॥

पद राग मांड

पथिक थारे निकट अटपटी वाट ॥ टेर ॥ चलो तो वेला चालज्यो रे अब आछ औघट घाट ॥ लिखवा लो हुंडी अठे थे तो आगे लीज्यो साट ॥ पथिक० ॥१॥ पंथ द्वारिका जात री रे जूनागढ लौ आय ॥ आगे मारग दौय लौ काहूं ऊबट पैंडोंजाय ॥ पथिक० ॥२॥ पास रूपैया सौजी हुंडी लेवाजी कराय ॥ कौन लिखै इण नग्रमें कांई पूछे बजरां आय ॥ पथिक० ॥३॥ जूनागढरा बाँणिया रे खरा मसकरा लोग ॥ भवानी महतौ आगलौ कांइ मिलियौ करम संयोग ॥ पथिक० ॥४॥ इणगाँमै नरसी बसै रे है सत पढियो साय ॥ और ठौरथी जौ मती थे तौ लीज्यौ तुरत लिखाय ॥ पथिक० ॥५॥ भवने कीन्ही मसकरी रे सन्तन लखे अजान ॥ कह शिवकरण भुलावणी काई साँची लीन्ही मान ॥ पथिक० ॥ ६ ॥

पद राग मांड

चले सन्त हुंडी लिखावण काज ॥ टेर-हरिजन चल्या चूंप सूरै नरसी बैठा द्वार ॥ राम राम कहि रिलमिल्या कांई पूंछे

परस्पर सार । चले सन्त० ॥१॥ पासे रूपया सातसौ रे म्हें आया इन काम । हुंडी लिखतौ सांभल्यो कांई नरसीमहतौ नाम ॥ चले सन्त०॥२॥ तब नरसी करूणा करी रे हृदय सुमर श्रीराम ॥ ले रूपया हुंडी लिखा कांई सांवलसाके नाम ॥ चले सन्त० ॥३॥ ले हुंडी हरिजन चल्या रे भेटण श्रीरणछोड़ ॥ मजलाँ देर मजलाँ करै कांई हाले होडा होडा ॥ चले सन्त० ॥४॥ कहै दरकशिवकरणि यौं रे हरिजन पहुँचा जाय ॥ कर दरशन परसण हुआ कांई मनमैं हरष बधाय ॥ चले० ॥५॥

पद राग मांड

हरिजन पूछै साँवलिया री हाट ॥ टेर-इस नगरी सांवल वसै रे घो कोई भवन बताय ॥ छै नरसीको आडत्यौवाला हुंडी ल्यां सिकराय ॥ हरिजन० ॥१॥ इस गाम्में साँवल नहीं रे हुंडी जिणरै नाम ॥ ठग मिलियो कोई ठावको थे तो मूल ठगाणा दाम ॥ हरिजन० ॥२॥ गली गली भटकत फिरै रे कोइय न भवन बताय ॥ पचि हार्‍या पीछा फिर्‍या कांई वटतर बैठा आय ॥ हरिजन० ॥३॥ थाक पडचे लौटे गुडे रे पैंड न चाल्यो जाय ॥ रौस भर्‍या इमदाखवै कांई दीज्यै प्राण गमाय ॥हरि० ॥ ॥ ४ ॥ काख वही कर कोथली रे आयौ सांवल साय ॥ साधांसू बतलाव तो कांई बैठो त्रिभुवनराय ॥ हरि० ॥५॥ कमल जटांकी कान मैं रे द्वात धरी हरि हात ॥ कह शिव-करण भौलो वण्यो कांई पूछै सन्तनसै वात ॥ हरि० ॥६॥

पद राग ठुमरी

सांवल सन्तनसै कांई पूछै मरमकी बात ॥ टेर-कहाँसूं आया कहां तुम जासो उगंतै परभात । तुमरौ मुखडौ उनमुना

रे काई जाग्रण कीन्हा रात ॥ सांवल० ॥१॥ आकासे पटक्याने धरती झेल्या रे कही सुणी नहिं जात ॥ ठगपासे हम दाम ठगाया देह करा अपघात ॥ सांवल० ॥ २ ॥ कीसडौ ठग थांने किणविध ठगिया रे कौण ग्राम किंण भाँत ॥ वलत वैष्णव बौलिया जि म्हारौ कहतां धूजे गात ॥ सांवल० ॥३॥ जूनैगढ नरसी वसै रे म्हानैं हुंडी लिख दी हात ॥ सांवल-साह पुर द्वारिका रे हौं ढूँढ़ लियौ दिन सात ॥ ४ ॥ सांवल म्हारौ नाव छे रे उठ मिल्यो बरबात ॥ द्यो हूँडी ल्यो रूपया जी थे तौ खरचौ हातौ हात ॥ सांवल० ॥ ५ ॥ कह शिव-करण वधावणोंरे हरष्यों सन्त समाज ॥ ले रूपिया झोली भरी जि कांई प्रभु सारै सब काज ॥ सावल० ॥ ६ ॥

दोहा

साध निरखि विस्मय भये, सांवलसहाकौ रूप ।
सुखसाधारण मन बस किया, मौह्या त्रिभुवनभूप ॥१॥
ले रुपिया हरिजन चल्ये, मन उमंग शिवकर्ण ।
हेरि हिये प्रभुमुख विमल, लग्यो चित्त हरिचर्ण ॥२॥

इति हुंडीसिकारण जन महिमा नरसीमेहेताको मामेरो
प्रथम प्रकाश समाप्त ॥ १ ॥

अथ जातिविवाद राग केदारो

गहणे धरिकें ब्रह्म भोज्य कियो और ऋद्धि बढी तब संन्यासी
कोप करिके राजमें पुकार्‍यो मण्डलीक राजा कोपकर
नरसीको बुलायो माल मांगी तब ठाकुर
माला पहिराई ताकी कथा ।
द्वितीय प्रकाश २.

पद राग मारू

एक दिन दश बीस तीस मिल नागर मतौ उपायो जी ॥ नरसी अपणे नितको जीमें आप नीर नहिं पायो ॥ टेर-कोई कत इणरे मत द्यौ नौतौ कोई कहै इणनै टालो ॥ कोई कहै न्तात बड़ी छौ जिमतौ पंच विरद प्रतिपालौ ॥१॥ इतने एक मसकरो बोल्यो नरसी मोय पठायौ ॥ श्राद्ध पितानी आज तीथिहुं नौतौ देवण आयौ ॥२॥ सहपरिवार पावणा पहिनौ सिगरी नौतौ कीन्हौ ॥ तेडा तणीं बाट मति जोवौ साथ बुलावौ दीन्हौं ॥३॥ सरस सवाल रसोई ताजी वेगा जीमण आज्यौ ॥ बूढा ठाढा बाल जुवा मिल वैरा साथै लाज्यौ ॥४॥ नौतौ सुणत हुआ सब राजी चूलहा बन्ध कराया ॥ न्हावा चाल घरे नरसीके उष्णोदक धरवाया ॥५॥ घरमें तो घर-वाली राजी बाहर राजी परण्यौ ॥ टाबर टूबर हरष बधावै सुन नौतौ शिवकरण्यौ ॥ ६ ॥

पद राग मारू

हेम खेमन मनजी महता पनजी धनजी मिलियाजी ॥ पाट पटौला सोला लीना कलिहयानै काम लिया ॥ टेर-आसण वासण अरघा पूजा सहु मिल हाते ल्यावे ॥ दौड़त

क एकके आगे नरसीके घर आवै ॥१॥ देखी भीड़ वारणें भारी नरसीजी बतलाया ॥ जीमण आज किणीधर नौतौ मने तेडवा आया ॥ २ ॥ इतरौ भार मनैं क्यूं चौढौ जिहाँ तेडौ तिहाँ आऊँ ॥ हूँ तौ दास न्यात नागरनौ बिना बुलायौ धाऊँ ॥३॥ इतनी सुण सब नागर बोल्या ते म्हांनै कौन बुलाया ॥ नौता साथ बुलावौं दीन्हों जद थारे जीमण आया ॥४॥ कह नरसी लो सुण भाई भवना म्हें नहिं नौता दीन्हाँ ॥ निरधण जांण मसकरी कीन्ही चुगल काम किण कीन्हाँ ॥ ५ ॥ केई हँसे केई मुख मसकोडैं फिर केइ मँहणा बोलैं ॥ न्यातमाहिं तूं नितको जीमैं ऊभौ छातौ छोलै ॥ ६ ॥ कोई कह नरसी करी मसकरी कोई कह कीन्हीं हाँसी ॥ केई छीकैं केई बहुत डकारैं केई कर ऊठैं खांसी ॥ ७ ॥ कहै भवानौं सुर रे नरसी किसि कूँभी घर थारै ॥ मिरदंग ताल शंख धर गहणे युं काँइ हींमत हारै ॥ ८ ॥ सुण नरसी सिवऱ्या गिरधारी आतौ अँवली आई ॥ कह शिवकरण संतकी हाँसी पत राखै म्हारौ सांई ॥ ९ ॥

पद राग मारु

कर करुणा नरसी कर जौड्या भीर परी अति भारी ॥ पलटी जात करणकौं हासी पत राखौ गिरधारी ॥ टेक—गद गद प्राण रौन देह कंपे नैंण नीर झड ल्यायौ ॥ सात उसास-मौंड तन मनकौ नरसी गोविंद गायौ ॥ १ ॥ घरकी बिगत सकल तुम जाणौं ना कोई देत उधारो ॥ आज अणी सरका-रण गहणौं राग धरूं केदारौ ॥ २ ॥ अब प्रभु आया छुडा र लीज्यो नहिं तरहूँ भर पायौ ॥ पांच पचीस पचास साठ

सौ पायौ सौंहि कमायौ ॥३॥ पंडवाँ काज दौर हरि आया पात सिरी सुख पायो ॥ श्रापा दैन दुरवासा आयो छिनमैं पेट अघायो ॥ ४ ॥ ईसरके ऊकलते ऊन्यो दास धनाके धायो ॥ बीज बांट भगतानैं दीन्हौं बिन बोयो निपजायो ॥५॥ जन कबीरकी करी मसकरी याकी या विधि कीन्हीं ॥ देस देस नौताकी पत्री लिखि परबारी दीन्ही ॥ ६ ॥ जुड बहु साध मुलकके आये जहां लगी नौंतो फेन्यो ॥ सब मिलि द्वार कबीर भक्तकौ आन अचानक घेन्यो ॥७॥ वह विधि-आज भई नरसीकी ज्यूं गजराज उधान्यो ॥ कह शिवकरण शरण नरसीलौ जुग कारण सान्यो ॥ ८ ॥

सिन्धूं

नरसी वचन तणीं कर गिनती पांच अरब पच्चीसां करोड़ ॥ लाख पचास हजार साठशत इण विधि आई पूरी जोड़ ॥१॥

पद राग बरवौ

अब नरसीजी सुमिन्यो हरी ॥ हात जोड़ने करुणा करी ॥ टेर-केदारो कागद लिख लियौं ॥ सेठ तुलाधरके घर गियौ कह नरसी धन नामौ करौ ॥ राग केदारौ गहणैं धरौ ॥१॥ सेठ कहैं सुन नरसी बात ॥ लौक हँसे तनैं सगली न्यात ॥ तूइमकिम कालाई करै ॥ काईं वस्तु गहणैं धरै ॥ २ ॥ यौ केदारौ पारस जाण ॥ कामधेनु कलवृक्ष समान ॥ धनवंत जाण थारे गहणे धरूं ॥ बीजाको विसवास न करूं ॥ ३ ॥ सेठ

१-वार्ता-यौं सिंधू इस झडकौ उदाहरण समझानों ॥ ऊपर ले पदकी झडी ऐसे है. पांच पचास साठ सौ पायौ सौहि कमायौ ॥ ५, २५, ५०, ६०, १००, नगसी इतनेसे भर पायौ ॥

जाणौ रे इणमैं काइ नही ॥ द्विजमुख अञ्जल पडसी सही ॥
केदारौ थारौ तू ले जाय ॥ ले रुपियाने विप्र जिमाय ॥४॥
कह नरसी केदारौ धरौ ॥ धनकनामौं म्हारा हातकौ खरो ॥
देसी तौ म्हे लेस्यां वरां ॥ नहिं तर विप्र जीमसी खीरां ॥५॥
देस्युं व्याज समूल चुकाय ॥ फिर केदारौ गास्यूं जाय ॥ कह
शिवकरण वचन इमि कर्यो ॥ रुपयो साठ केदारौ धर्यो ॥६॥

पद राग चाल गरभा

खोलै रुपिया साठ नरसी ल्योयो रे ॥ काईं हरष्यो नागर साथ मन हुलसायो रे ॥ टेर-ल्यावो मेवा मिसरी खांड घिरत मंगा ज्यौ रे ॥ काइँ करज्यौ हातोंहात वार न लाज्यौ रे ॥१॥ हूक्यो सगलौ साथ पाक बणावै रे ॥ काईं भांत भांतका शाक कौण बणावै रे ॥ २ ॥ लागौ हरिनै भोग पंगत कीन्ही रे ॥ काईं बैठौ सकलौ साथ पातल दीन्ही रे ॥३॥ जै बोलैं सब मिलि साध सूरचा गावैं रे ॥ काईं नरसी लीन्ही ताल मृदंग बजावैं रे ॥४॥ धुन ब्राह्मण वेद उचार हरिहर बोल्या रे ॥ काईं रिद्ध सिद्ध भण्डार कुबेरे खोल्या रे ॥ ५ ॥ सब जीमैं सहित ननुहार चलूँ भरेछे रे ॥ कांई नरसी दक्षिणा देह तिलक करैछे रे ॥६॥ हम सुण शिवकरण रिसाय संन्यासी कोप्यौ रे ॥ काईं मण्डली नृपपै जाय झगडौ रोप्यौ रे ॥७॥

दोहा

मंत्रवादियौ नग्रमैं, सिद्ध संन्यासी एक ।
विकटबीर विद्या बिषै, वामी विकल विशेक ॥ १ ॥
भक्तभेद जाण्यौ नहीं, जनपर कोप्यो आय ।
नरसीकी निन्दा करी, मंडलिकनृपपैं जाय ॥ २ ॥

पद राग बिहाग

कउतुक देखिये नृपराज । यौ नरसीलौ करै जि ठगाई परचौ लीजै आज ॥ टेर-नाच कूदकर ताल बजावै नेहक न आवै लाज । नागरकुलकी रीत छोड़ी तौड़ी धर्मकी पाज ॥ १ ॥ विधवा नार नजीक राखत निशिदिन करत अकाज ॥ चौर-जार बटफार साथैं धरचो भगतको साज ॥२॥ कंठी माला तिलक छापा बोलत संत समाज ॥ पाटवाज महंत वाज्ये बैठ करे औ गाज ॥ ३ ॥ ग्राम बाहर कोट बांध्यो जांण मोटो राज ॥ झपटकर शिवकरण झगरचो ज्यों संन्यासी बाज ॥४॥

पद राग जैजैवन्ती

नरसीनैं राज बुलावै जी नरसीनै राज बुलावै ॥ कोई दौड़ दौड़कर आवै जी नरसीने राज बुलावै ॥ टेर-एक दौड़ताबिसि एक दौड़चा हल्ले हल्ला धावै ॥ जी नरसी० ॥१॥ हलकारा ऊपर हलकारा अनवन हुकुम सुनावै ॥ जी नरसीने० ॥२॥ केइ खैंचे केइ दे झिझकारा धमकधका हुए जावैं ॥ जी नर० ॥३॥ चुप नागर चुप घरकी नारी चुपाचुपी छिप जावैं ॥ जी नरसीने० ॥ ४ ॥ सूरदास पड़ वनमें भागों सङ्ग कोई नहिं आवैं ॥ जी नर० ॥५॥ कह शिवकरण निर्भय नरसीलो गुण गोविंदका गावैं ॥ जी नरसी० ॥ ६ ॥

दोहा

सादं कसौटी परखिये, बिखौं पड़चां घर नार ।
सूर वीर शिवकरण कह, रणबांगा तलवार ॥ १ ॥
जती परख परनार सङ्ग, मन चञ्चल नाहिं होय ।
सती परख शिवकरण कह, धीरज तजै न कोय ॥ २ ॥

घरका सब गुपचुप हुवा, संग न चाले कोय ।
नकटी सकटी टहलण्याँ, साथ चली दस दोय ॥ ३ ॥

सोरठा

पौस प्रवेशत वार, हरिजन कीन्हीं शंखध्वनि ।
सुनि दौड़े नर नार, भयो अचंभो नृपतकौ ॥ ४ ॥

राग सोरठा

नरसी पहूँचो राज दरबार । पांच सात टहलविया लीन्ही-नकटी सकटी लार ॥ टेर- हरषित वहन उनमुनीं मुद्रा प्रेमपुंजकी धार ॥१॥ निर्भय खड़ो करै हरि सुमिरन देख हँसी संसार ॥२॥ हरिजनकी गति हरिजन जाने लखत न मूढ गँवार ॥३॥ कह मंडलीक सुन्यौ तोहि लंपट, संगले आयो नार ॥४॥ कर पाखंड जगत ठगि खाई, भेख दिगंबर धार ॥५॥ शंख बजावत शंख न आनी, चढ़कर राजदरबार ॥६॥ थारा पथको एक न छोडूं, मारूं खांडे धार ॥७॥ जो थारा बसमें ठाकुर है तो; मांग गलको हार ॥८॥ कह तौनैं मूरत माला बखसे, नहिंतर डारूं मार ॥९॥ नरसी कहै चराचर व्यापक, सबको सिरजन हार ॥१०॥ कह शिवकरण पैज कर आशी सांवलियो दातार ॥ ११ ॥

पद राग मल्लार तथा सोरठा

भीर परी छै भारी माला म्हांने आलज्यौ गिरधारी ॥ टेर-पलटी सभा संन्यासी कोप्यौ लोक हँसे दे तारी ॥१॥ मारणकों मंडलीकको रूतो पलटीं परजा सारी ॥२॥ यंत्र मंत्र टौना नहिं जानूँ मनकी जानौं म्हारी ॥ ३ ॥ कह शिवकरण शरण नरसीलो चरण कमल बलिहारी ॥ ४ ॥

पद राग कालिंगडो

आव रे आव रे सांवरा आंगन घूमर घाल ज्ये रे ॥ टे
तुलसीको पात सूत्रको धागो थारागलनी माला आज्ये रे
आव रे० ॥१॥ सगो समंधी थोरेहूँ नहिं लागूँ तूँ तो भगती
विरद सम्हालज्ये रे ॥ आवरे ॥२॥ घणा दिहाडारी प्रीतडी
सांवरा वचन पुरातन पाज्ये रे ॥३॥ तूँ तो थारो विडद
वज्ये रे सांवरा म्हारी करनी मती न्हालज्ये रे ॥ ४ ॥ क
शिवकरण शरण नरसीलो ठमके-ठमके चालज्ये रे ॥ ५

पद राग मल्लार

प्रभु कांइ न आयो नरसी चीत ॥ टेर–सांझ पड़ी ज
नाचण लागो होगई रात बदीत ॥१॥ जग पटलीज्यूं तूं क
पलट्यो बुद्धि भई विपरीत ॥ २ ॥ हूँ तों राजरे रह्यो भरो
रात्यूं गाया गीत ॥ ३ ॥ पीठ फिरयां सब फिर मग जावें
कांइ भयो न चीत ॥४॥ किनपै जाऊँ कठै पुकारूं म्हारे त
तुमही मीत ॥५॥ विन केदारे हरि नहिं आया रात गई स
बीत ॥६॥ मारणको मंडलीको रूतो भोरहिं करेलो अनीत ॥७
कह शिवकरण शरण प्रतिपालो आंण निभाज्यो प्रीत ॥८

पद राग जिंझोटी

सांवरा रजनी रही थोड़ी ॥ म्हा कालाजी रातली र
थोड़ी ऊगते दिवस मौने मंडलीको मारसी ॥ सांवरा ॥ टे
मैंने तो भरोसो थारो मोकलोरे सांवरा सांकडा रे भाज थार
प्रीति जोड़ी ॥ ऊगते० ॥१॥ रांकड़ो थईने काई बांकडो
बैठो बाला मूघडोन बोलै पडियो ढाल गोड़ी ॥२॥ थार
तो घरमें धन घणों रे सांवरा हारडायी पूंजी कांई होस

थोड़ी ॥ ऊगते० ॥३॥ तुलसीको पातुडौनै सूत्रकौं डोरडौ बेचियां बटै न थारे तीन कोडी ॥४॥ सुमडौ हुवा थी थारी भक्त बिरद लाजसी रै भक्तवत्सल बजवाकी आस छोडी ॥ ५ ॥ कह शिवकरण दरक हूवो वाणियौं नरसियाथी प्रीति वाला कैंम तोडी ॥ ६ ॥

पद राग मल्लार तथा सोरठा

सांवरांसू महुआ नहीं सरसी ॥ टेर-मारणकौं मंडलीको रूतौ मूढ मतौ नहिं टरसी ॥१॥ तुच्छ धनकाज निठुर हुय बैठा या तोकूं कांई दरसी ॥२॥ तीन कोडीको हार न दीनों लोक हँसी रैं थारी करसी ॥३॥ उर दे हार मती तरसावै तू इणरो कांईं करसी ॥ ४ ॥ औंछी पूजीनैं कीरति इधकी काज भगतकौ सरसी ॥ ५ ॥ कह शिवकरण शरण प्रतिपालौ जन नागरियो नरसी ॥ ६ ॥

पद राग खमावच

नरसिया मैं आज गजराजकेसी भीर परी भक्तियानैं भूल सूतौ तांण खूटी ॥ टेर-भक्तिभाव काज म्हारे बाई भाई आवै जाय राजमें संन्यासी कीन्हीं चाडी झूठी ॥ नरसियामैं०॥१॥ बापडा गरीबडाने कांईं कलपावै म्हें तौ भक्ति थारी कीन्हीं किसी बाट लूटी ॥२॥ पैडवांके काज आतो दौड़ द्वारकासू नरसी काज आच आंई टांग टूटी ॥३॥ काढ किरपाण ऊभौ मण्डलीक मारवाने साम्हौं बैठो जोवे कांई आंख फूटी ॥४॥ कह शिवकरण रैकांरारी सखी जैमती नरसियांतें तौंडी प्रीति-जौड पूठी ॥ नरसियामें ॥ ५ ॥

पद राग मारू

करुणासिंधु दयानिधि जनकी अरज तुरत सुन लीन्हीं।
ले केदारो तुरत पधाऱ्या निमख ढील नहिं कीन्हीं ॥ टेर-नर-
सी रूप धऱ्यो नारायण नग्र सेठ घर आया ॥ मूल व्याज
देकर पावोती ले केदारो धाया ॥१॥ बण मंडलीपतकी पट-
राणी जलकोगडवौ हाथे ॥ धनकनामौं राग केदारो दीपावोतं
साथे ॥२॥ हँसि हँसि मुसकि मुसकि मुख निरखत नैनसैन मुस-
कानी ॥ पुरज देखि भये सब विस्मय मंडलीपतकी रानी ॥३
मगन भयौ नरसी कर दरसण दोड वारणां लीन्हा ॥
शिवकरण काज भगतांका ठोड ठोड प्रभु कीन्हा ॥ ४ ॥

पद राग जैजैवन्ती

मनमोहन लटको रानी कौ ॥ टेर-नारीरूप धऱ्यो नाराय
मंडलीपत पटरानीकौ ॥१॥ मन्द हास्य चल चपल नैन मुख
मधुर वैन मुसकानीकौ ॥ २ ॥ इन्द्राणी रुद्राणी लक्ष्मी रू
लजै ब्रह्माणीकौ ॥३॥ घूंघट उघार मुख झपट ढाक भर ल्या
गडवो पानीको ॥ ४ ॥ दे केदारो कागद दीन्हौं निज क
नाम निसानीकौ ॥ ५ ॥ देखत लोग सकल नगरीको मान्य
मान गुमानीकौ ॥ ६ ॥ हरिकूं निरख शिवकरण दरक क
देव धन्य मुख बानीकौ ॥ मनमोहन लटको० ॥ ७ ॥

पद राग केदाराकी चरचरी

ठुमक चाल चलैं रे कन्हैया ठुमक चाल चालै ॥ रुम
झुम रुमझुम रुमझुम रुमझुम ठुमक चाल चालै ॥ टेर-आ
मंडलीकी रानी पायौ नरसियाकूं पानी देखी सारे लोक जानी
नृप उर अन्तर सालै ॥ रे कन्हैया ॥१॥ नरसी गावत केदा

इत होत भनसारौ रविकोटिय उजारौ दुगमुग दुगमुग न्हालै । रे कन्हैया० ॥२॥ झट ऊठे नंदलाला लीन्ही पुष्पनकी माला नाचैं घूमैं मतवाला ॥ माला नरसीके गल घाले ॥ रे कन्हैया० ॥३॥ नरसियांको स्वामी शिवकर्ण अंत्रजामी अनन्त बाहूँ घणनामी सन्तनको प्रतिपालै ॥ रे कन्हैया० ॥ ४ ॥

दोहा

प्रथमहि ले हुंडी लिखी, सों प्रभु दीन सिकार ॥
राणी हुय पाणी पर्यौं, दयो गलको हार ॥ १ ॥
मंडलीकौ राजा नम्यौ, जाण रसियों संत ॥
भक्तांका कारज प्रभू, ऐसे किये अनंत ॥२॥
अशरण शरण दयानिधि, दीनबंधु महाराज ॥
सुखसारण बजिये सदा, प्रभु सारे सब काज ॥३॥
कह्यो तत्त्व संक्षेप अति, माला बहु विस्तार ॥
कथा बढ़े शिवकरण कह, सकुच लयों ततसार ॥४॥
हरि हरिजन हिरदे बसौ, म्हे संतनकौ दास ॥
जन महिमा शिवकरण कहि, भयो द्वितीय प्रकाश ॥५॥

इति श्रीभक्तवत्सल रागकौतूहल नरसीमेंहेताका
मामेरो द्वितीय प्रकाश समाप्त ॥ २ ॥

तृतीय प्रकाश ३.

दोहा

श्रीगणपति गुरु हरि सुमर, हिय धर प्रेम हुलास ॥
महिमाँ माहेरा तणी, वरणूं तृतिय प्रकाश ॥ १ ॥
नरसाजीके डीकरी, नान्ही बाई नाम ॥
व्याही श्रीरंगके घराँ, नग्र अंजरा सुग्राम ॥ २ ॥

जास सुताके लग्नको, श्रीरङ्ग कियो उछाव ॥
नौते सकल बिरादरी, नागरकुलको भाव ॥ ३ ॥
सोलासो सोलौ तडौ, विक्रम संवत जाण ॥
चवदासौ इकयासियौ, शाके शालिवहान ॥ ४ ॥
माघ कृष्ण भृगुसत्तमी, कूंकूंपत्र लिखाय ॥
नागर सब मेला हुवा, जाजम दई विछाय ॥ ५ ॥
प्रथम लिखौ गणईसकौ, पुनि जूनैगढ़ जाण ॥
ता पीछे सब जातमें, फिर सब जाण पिछाण ॥ ६ ॥

राग मारू

कूंकूंपत्र लिखा जूनेगढ महता नरसी नामैजी ॥ नग्र अँजा मिले सब समदी, बहुविधि लिखे प्रणामौ ॥ टेर-सिद्ध श्रीजूनागढ़ शोभित, नरसीजी बड़ा नामौ ॥ बाल गुपाल सकल समदीसें श्रीरंग लिखे प्रणामौ ॥१॥ कुंवरबाईको ब्याह रच्यो छे, नौमि मंगलवारो ॥ देबा लेबाकौं नेग नहीं छे, मोहे रीजपधारौ ॥२॥ तुमारी कन्या ओलूं करेछे इण, अवसर तो आज्यौ । अडूवौ कडूवौनैं आखली पाखली, बालगोपाल सब ल्या ज्यो ॥३॥ समग्र मिति श्रीनामौ दीन्हो, डौसाजीके हाथे । जूनेगढ़ समदीके जाज्यो, लेकर आज्यो साथे ॥ ४ ॥ क शिवकरण विप्र मन सोचे, डोल्यौ फिरचौ न जावै ॥ अतह दूर बसे जूनोगढ़; पन्थ चलत कब आवै ॥ ५ ॥

दोहा

पंच लिखी बहु पत्रिका, गवने निज निज धाम ॥
देने लगे कासीदकौं, ले ले सबको नाम ॥ १ ॥

नरसीजीकी पत्रिका, विप्र कौकल्या हाथ ॥
जूनेगढ़ अतिवेगतैं, लेकर आज्यौ साथ ॥ २ ॥

पद राग बरवौ चाल मारू

चौपाई

कूंकूंपत्र हाथमें लयौ । नन्ही बाईसों मिलबा गयो ॥
जाय कौकल्ये ऐसी कही । जूनेगढहूँ जासू सही ॥ १ ॥
सुणकर मतौ कियो परिवार । नरसी आया हुस्यां खुहार ॥
मुड़ियौ संख बजासी धाय । लोक हँसैंला तुमने आय ॥२॥
जब श्रीरङ्ग डोसीपे गयो । सब वृत्तांत मुख सेती कियो ॥
कोईऐसी विधकीज्योमाय । नरसी अपणैं द्वार न आय ॥३॥
तबै डोकरी मतौ उपाय । लघु पुत्र नारायण बुलाय ॥
अनमिल लेवौ सूज मँगाय । उनकौं मिलैं न अपने आय ॥४॥
कहे डोकरी भेद बताय । नरसी जूनै गढ़ रहि जाय ॥
जो आवे तो लेकर आवै । नांतर जूनैगढ रहि जावै ॥५॥

दोहा

लघु मौटी भेली हुई, समदण राणोंराण ॥
कहे डौंकरी सौंज सब, लिखवा लग्यो नराण ॥१॥

पद राग

सासु ननद दिवराणी जिठाणी सब मिल बैठी आयके ॥ द्वात कलम कागद मंगवाये लेखक लयो बुलवायके ॥ टेक-सवा-पचीस मण लिखो सुपारी सवा पचीस मण रोरी ॥ सवा पचीस मण लिखो कलेवो अरु मेवणकी बोरी ॥ १ ॥ हजार थान महमूदी लिखदो साल दुसाला कदडा ॥ ठठा करे नरसीका ब्याही बखता बरछ बापडा ॥ २ ॥ असी हजारतो मोहोंर

लिख द्यो क्रोड पपेया रो करी ॥ कागद मैं दोय भाटा लिखदो उठ बोली डोकरी ॥३॥ लाड बहू कह कुंकुंबाईन कागदमांहि खा ज्यो ॥ पायलन रमझोल अगौटा म्हांके कारण लाज्यो ॥

पद राग बरवौ चाल मारू

चौ०–नान्ही बाई बोली थे तौ लिखौंई इती ॥ म्हारे सासारिये णे तो आज्योही मती ॥ टेर–म्हारी तो सासुजी छै माहेराकी ख्यांत ॥ माहेरो जुडैं तो लेकर आज्यो भली भांत ॥ १ ॥ इतरो तौ सन्देशो म्हारो कह दीज्यो जोसी माहेरा विना तो थांरी हांसी ही होसी ॥२॥ आगे तो कि यावर कारज चोखा थे किया ॥ दौडवते वडदात म्हानै दाय दिया ॥ ३ ॥ माहेराकी बेला आई विखत करूर ॥ आवण हुये तो खरच्यां ल्याज्यो भरपूर ॥४॥ सूरतकी बरात आस बरहोटी देसी ॥ माहेरो भरस्यो तो भात थांको बी लेसी ॥५ नेग जोंगनै चूडांचूनी घोड़ चली चडसी ॥ इतरी तौ करिय वर थांने करणोंही पड़सी ॥ ६ ॥

दोहा

घरकौं ब्राह्मण कौकल्या, श्रीरंग लयौ बुलाय ।
पहली दीन्ही पत्रिका, यौं कागद लै जाय ॥ १ ॥

राग सोरठा बरवौ चाल मारू

घरको बिराह्मण लियो छै बुलाय ॥ कूंकूंपत्री लेय पां जूनागढ जाय ॥ टेर–म्हारा तौ सगांने पांडे राम राम कह ज्यो ॥ एक तौ दिहाडो महता नरसीके घर रहज्यौ ॥ १ खरचीतौ बांद ब्राह्मण बिदाज्ञ भयो ॥ जिण दिन तौ डोसौज बैठ बजारां रह्यो ॥२॥ मोड़ो वेगो घरे पौंचकर तयारी कर्ी

ऊगते दिहाडे पंथ चालणा खरी ॥ ३ ॥ गरमां है भाला-
वण दीघी जावतांसू रीज्यो ॥ मोडौ बेगौ आऊँ तो निचिंत
थे तो रीज्यौ ॥ ४ ॥

पद राग सोरठा

लीधी छीजी डांगडी हात डौसीजी तोली धीछेंजी डांगडी
हात ॥ टेर-कागद खोसियो छे पोतियाके माहीं ॥ धोतियो
लीधौ छे सात ॥ कांधे कांमलोने हातमैं हांडी खरभर चालैछे
परात ॥ कौस पूणपर दिन आथवियौ पडीछे अंधेरी रात ॥
चनणियाके रूखडे जाइनै सुतो सूझैं नहीं हातनै हात ॥२॥
रात अँधेरी विप्र अकेलो संग न कोई साथ ॥ कह शिवक-
रण बिकल भयो ब्राह्मण खडबड धूज्यौ छे गाथ ॥ ३ ॥

पद राग मारू

दूज्यो दिन तो चाल्यो जोसी करकर मनमें रोस ॥ बागां-
तांई पौंच्यौं जिणरौ किणने दीज्ये दोस ॥ टेर-बुढलौ बिरा-
ह्मण थाको सूतो खूटी तांण ॥ आकासांसु आय
सिरीठाकुरका बिवांण ॥ १ ॥ ऐसा बूढा ब्राह्मण ऊपर कियौ
उपकार ॥ छिनमें पौंचायो जूनागढके बजार ॥ २ ॥ वसती
तौ देख पांडचो अचंबे रयौ ॥ किसी तो नगरी मैं हूँतौ
आय गयो ॥३॥ चिक्रित भयो छे पांडचो करे छे विचार ।
कह शिवकरण पूछे नर नार ॥ ४ ॥

दोहा

पूछे जोसी कौकल्यो, योछैं किसडो गांव ॥
पंथ भूल आयौ अठे, सांच बतावौ नांव ॥ १ ॥

कहे नग्रके नार नर, जूनोगढ छे नांव ॥
सुनकर हरख्यों कौकरिख, नरसीजीको ग्राम ॥ २ ॥

पद राग मारू

श्रीरंगब्याही जोसी भेज्यो विप्र कौकल्यौ आयौ ॥ जूनागढ़ की गली गली फिर नरसी भवन न पायो ॥ टेर—भटकत फिरे पूछतो पांड्यो किंणिहि न भवन बतायो ॥ ब्याकुल भयौ भटक कर बैठो एक मसकरो आयो ॥१॥ किसूं बधाई देसी रे पांडे नरसी भवन बताऊँ ॥ उनकी कोठी नग्र किनारे रोकड खरची पाऊँ ॥ २ ॥ च्यार टकानै एक कामली उदरे म्हारे हाथे ॥ महताजीको भवन बतावण जद हूँ चालूँ साथे ॥ ३ ॥ काहे कोकल्यो सुण भाई भवनांच्यार टकाले कौरी ॥ कामल दिया ठंढ मरजासूं रात काढणी दौरी ॥४॥ नरसीके घर साल दुसाला ओढण सोर पछेरी ॥ गरम पोसने औ दुलाई करे जाबता तेरी ॥५॥ मनमें सौच करे कोकलियो फिर कुण पंथ बतासी ॥ कह शिवकरण कामली लीन्हीं करी मसकरे हांसी ॥६॥

पद राग मारू

भवनै महते करी मस्करी जौसीने भरमायो ॥ कामल खोस काख मैं घाली फिर नहिं भवन बतायो ॥ टेर-कहे भवाणौ सुन कौकलिया हूँ थारे साथ न आऊँ ॥ नरसी बड़ नग्रसेठ है सन्मुख हूँ सरमाऊँ ॥१॥ नग्र किनारे कृष्णसरोवर बाग बगीचा भारी ॥ हवा महल असमानी बंगला नरसी कोठी डारी॥२॥ सैन बताय हात अंगुलीसों भवना पाछौ आयो ॥ कह शिवकरण काकरिगि सुधकर नरसी भवन सिधायो ॥३॥

पद राग सोरठा चाल मारू

पाणीकी पिणिहारचां थे तो कीज्यो उपकार ॥ म्हाँने तो बतावौ म्हेता नरसीको दरबार ॥ टेर-आम्हाँ सम्हाँ औबराने तिलक मांडय ॥ सुरज साम्हीं पौल महता नरसीकी पांडय ॥ १ ॥ किस्या देशको बासी पांडचा जासी किसडे गाम खडियो आयो दूरको थारे नरसीसूं कांई काम ॥२॥ जोसी बोल्यो कोकल्यो जीवेगो भवन बताय ॥ कह शिवकरण सती-बीसूं हूँ नरसी भेटूं जाय ॥३॥ कृष्णसरोवर न्हाये रे पांडचा ऊंडो छै अपार ॥ साम्हाई दीखै छै म्हेता नरसीको दरबार ॥४॥

पद राग मारू

अतिमणीक देख थल उत्तम धाय चल्यो ब्रह्मचारीजी ॥ नरसी मेहता ताल बजावै निरत करै सुत नारी ॥ टेर-सूरदास दस बीस विराजैं लूला लंगड़ा कोढ़ी ॥ पांच सात टहलिया बैठी गूँगी बहरी मोड़ी ॥ १ ॥ तुलसीबन फुलवाड़ी फूली बेल तूमणांऊणी ॥ उड़ गयो फूस झूँपड़ीनी अदविच दीन्ही थूणी ॥२॥ चींचण माकड और कसारी कोल ऊंदरा दोडे ॥ सामगरीमें ठाकुरसेवा शंख धरे दश चोडे ॥ ३ ॥ अचरज भयो देखि जासीकूं खड़ा पौलके छाजे ॥ कह शिवकरण रामधुन गावे ताल मृदंगा बाजै ॥ ४ ॥

पद राग सोरठा चाल मारू

पांडेजी तो जाय पौलो मांहनै धस्या॥ बैठोडा साधूडा हड-हड़डी हंस्या ॥ टेर-मानदास अरू ध्यानदासके मनमें पांडचो भायो ॥ ज्ञानदासजी बोल्या यों तो नौतौ देवण आयो ॥१॥ आखण पडिया डोसोजी अलूज गई पौत ॥ साधूडां जाण्योरे

पांड्यो करै छै डंडौत ॥२॥ परमहंसजी राजीं होगया भगत
भलाई आयौ ॥ कह शिवकरण घणां दिन हौया मी
भोजन पायौ ॥ ३ ॥

पद राग मारू

थाक्यो ब्राह्मण उठ्या न जावे पस-या आंगण मांहीजी ॥
घांसी स्वास खासमैं उलज्यो बोल्यो जावै नाहीं ॥ टेर-आं
हुये नरसी बोल्या क्यूं थे भारचढ़ावौ ॥ म्हाने तौ मत करो
डंड़ौतां ठाकुरने विडदावौ ॥१॥ सांच विप्रको करिख मनमें
यहां तो दालिद छायो ॥ नागर न्यात गई सब निरफल श्रीरंग
सगपण पायौ ॥ २ ॥ कूंकूं पत्र सुपारी कर धर तांदुल पीत
झलाया ॥ कुंवराबाईको व्याह रच्यो छै तुमने तुरत बुलाया
॥३॥ गाठ दाम ह्वै महेरो भरज्यो नहीं तो मिलता आज्यो ॥
गीतहगाम च्यार दिन रहिनैं माढ मंडप छाज्यों ॥४॥ क
कौकलियौ सुन नरसीजी भूख लगी छै भारी ॥ मारग चल्यो
मिलि विध नाहीं भोजन करौ तयारी ॥५॥ घरमें चून अ
नहिं आखों रोकड दाम न कोई ॥ साकपाक नहिं सूक
पाका नां कोई रांधी पोई ॥६॥ बरतन धातु नहीं घरमाहीं
गिरवे जाय धरवां ॥ विरत अकाश भरोसै बैठा ठाकुरका गुण
गांवा ॥७॥ जौसी भणै सुणौं नरसीजी दूर देशसूं आयो ॥
कह शिवकरण पंथके माहीं भोजनसे नहिं धायो ॥ ८ ॥

पद राग सोरठा चाल मारू

बूठलो बिराह्मण बोल्यो दूजो कागज लेवौ ॥ रसोई करांला
म्हानैं आटौ वेगौ देवो ॥ टेर-देवानें लेवनें जोसी रामजीके
नाम॥ तुलसीकी माला सेवा सालगराम ॥१॥ मिश्री मेवाला

पेड़ा रामजीको नाम॥तुलसीदल ले जारे चावे रोकड़ दाम॥ ॥२॥म्हकां तौ रसौवड़ाको योही छे सरा ॥ मोटी माला लैल्यौ बैठा भजन करा॥३॥साधूड़ाके जोड़े बैठा गावो होडां हौड ॥ आथण पहली ताजा भोजन देसी रणछोंड़॥४॥कूंकू-पत्री बांच नरसी मगन भया॥ म्हानैं म्हाकाव्यांयां भला याद तौ किया॥५॥ घरमैंसे बोली महता नरसीजीकी नार ॥ कूंकूं पत्री झेलण मोडच्या ह्वै गयो तयार ॥ ६ ॥ थांका तो घरमांही आगे अनकी छे भूख ॥ क्यूं कर थेतो करस्यो माहेराको जी सालूक॥७॥थांकातोघरमांहेनहींपावहीजवार ॥ माहेरो भरवाने मोडच्या ह्वैगा तैयार ॥८॥आंधला गरलावै रोवै मांगै रोटी ॥ गांवका आटासूं वामन कर नीना खोटी ॥९॥ बोली रेज्या चुपकी तू तौ घरकी है नार ॥ तोनै म्हारामाहेराकोकांई आयौ भार ॥१०॥ साधूडारी टैल करिज्यौ चालौम्हांकी लार ॥ चोखा मोठा भोजनियां जीमोंनी दिन चार ॥११॥

दोहा

तब दोनूं सुत बोलिया, माहेरे किन जाय ॥
घर तुलसी दल छावमैं, दीज्यी सब संख बजाय ॥१॥
दस माला तूमडा, रामरज्ञ भर लेह ॥
दोय दोय छापा तपत, कर जाय सगरी देह ॥२॥
सुण हाक्यो वाक्यो रह्यो, जोसी करे विचार ॥
श्रीरंग कीन्हीं मसकरी, मोकलियो इणद्वार ॥ ३ ॥
कोकलियो कुर लायके, पड्यो धरण मुरझाय ॥
सुख पूछे सहलायके, नरसी कंठ लगाय ॥ ४ ॥
जोसीकूं नरसी कहै; ये त्रिय पुत्र अज्ञान ॥
तुम चित्तमैं कसमैं मती, धरो हरीका ध्यान ॥ ५ ॥

भूचालो भूखा मरूं, तै नहिं दीन्हों चून ॥
श्रीरंग कीन्हीं मस्करी, जल्यो जात मम खून ॥ ६ ॥
नरसीजी तूम्बो दियो, आटा ल्यावो मांग ॥
इन्धण ल्याजों आवता, यहां नहीं लूण अरु साग ॥७॥

राग मारू

कह कोकिलियो सुण नरसीजी भीक भऱ्यां नहिं कोईजी ॥ कर कासीदी पेट गुजाऱ्यो इण विधि ऊमर खोई ॥ टेर-जब नरसी करुणां कर उठ्या सबके जाय जगाय ॥ हात तंबूरो गद गद वाणी राग केदारो गाय ॥१॥ कृष्ण कृपा कुबेर बुलायो विसकरमा भी साथे॥ इन्द्रा और इन्द्राणी आया जलभर ल्याया हाथे ॥२॥ शूपकार हेमाड पंथ और भीम आदि चलि आये ॥ खाद्य साद्य अरु चोख्य चोस्य विधि खटरस आन बनाये॥३॥नाना रंगति रंग सुरंग भोजन विधि बनाये ॥ मानों आज पाठशालामै शूप रूप धरि आये ॥ ४ ॥ छप्पन भोग छतीसूं व्यंजन चटणी और अथाणुं ॥ कह शिवकरण अलप मति मोरी कबलगि पाक बखाणुं ॥ ५ ॥

दोहा

लग्यो भोग परब्रह्मके, अचवन दीन्ह कराय ॥
ले बीरी अरपन करी मोछन दियो धराय ॥ १ ॥
पंगतिकी त्यारी करी, लयो हरीहर नाम ॥
भर गडवा शिवकरण कह, बैठे निज निज ठाम ॥ २ ॥

पद राग मारू

अगणित सूंज अजब अनऊपम भवनमांहि नहिं मावेजी ॥ देखत थकित भये ब्रह्मादिक वरखत पार न पावे ॥ टेर-

कञ्चन थाल जटित मणित माणक प्याला रतन जड़ाया ॥
कनककलस गङ्गाजल डाले सब लोटा अघड़ घड़ाया ॥१॥
त्रिविध बयार भवन गरणावै महिमा वरणि न जावै ॥ उष्णोद-
कमैं अजब सुगंधी डोसौजी तिन्हां न्हावै ॥२॥ अष्ट सिद्धि
नव निद्ध विराजैं देह धारकर आई ॥ कामधेनु कल्पवृक्ष
चन्द्रमणि चित्राबेली छाई ॥ ३ ॥ चवदै विद्या राग बाजंतर
नृपसहित चतुराई ॥ बन्दीजन गांध्रव विद्दुचारण भाटवंश
विरदाई ॥ ४ ॥ भूषण वसन देखि नानाविध जौसीके मन
भाये ॥ करत विचार उझकि मनहीं मन कहौ कहांते आये ॥५॥
निश्चय चोर येह नरसीलौ के कोई मारग मारे ॥ बस्ती छोड़
जंगलमें बैठो नहीं किसीके सारे ॥६॥ के अणिमादिक वश
कर लीन्हीं पारस लौह लगायो ॥ येती सोज नृपति गृह नाहीं
कै घड़ियों धन पायो ॥ ७ ॥ भोजन देख तुरत मत पलटी
तांत्रवादिवौ जाण्यौ ॥ भूत खदेड मंगाय मिठाई मेलो मंत्र
पछाण्यौ ॥८॥ नानाविध पकवान सलौना देखत मन ललचावे ॥
रंग रंग नवरंग मिठाई विविध सुगंधी आवै ॥९॥ खांयां धरम
करम सब नाशै बुद्धि भ्रष्ट हुई जासी ॥ बिन खांयां मनमें रह
जासी एक रोज एक हासी ॥ १० ॥ परुस्या थाल छोड़कर
जौसी नरसी परसी सायौ ॥ करिया विटलकरण रे कारण हूं
थारे घर आयौ ॥ ११ ॥ कह नरसीलौ सुण जौसीजी जीमैं
ठाकुर आपौ ॥ कनकामात्र मिल्यां कट जावै जनम जनमका
पापौ ॥१२॥ नरसी संग कौकऋषिजीमें ब्रह्मा परुसण आवै ॥
इन्द्राणी ब्रह्माणी सगतीलछमी गारी गावै ॥१३॥ औ नाग
देव ऋषि कन्या मिलमिलके बहु धावैं ॥ कह शिवकरण रूप
जौसीका धनि धनि भाग सरावैं ॥ १४ ॥

दोहा

जौसी जीमैं जुगतसैं; परुसै त्रिभुवनराय ॥
बार बार मनुहार करि; बहुत निहोरत आय ॥ १ ॥

पद राग विहाग डौरी

जोसीजी भलां पधाऱ्या म्हारा मनरा कारज साऱ्या । टेर–थे तो जीमौ जौसी राजा ॥ सीरो खीर खांडनै खाजा ॥१॥ थांका मौटा दांत अगारी ॥ जासूं देख डरे नर नारी ॥२॥ थांकी डाढ खड़ाखड़ खटके ॥ थांका होंठा ऊंटसा लटके ॥३॥ जौसीजी आख्यां काडे ॥ डाकणसा डौला फाडै ॥४॥ थांकौ नाक मींडका जैसो ॥ जाणो अंग आरणो भैंसो ॥ ५ ॥ थांको पेट चडसमो झलके ॥ माहे गङ्गा जमुना खलुके ॥६॥ मुख बोलत डांडर लागे ॥ ज्यासूं टाबरिया डर भागे ॥७॥ जौसी खीर सबौड़े ॥ जाणौं दौड़ै करीछे घोड़े ॥८॥ न्याही काजल काढ्यौं नीको ॥ थांके रंग रंगीलौ टीको ॥९॥ जौसीजी चूल भरे छे ॥ जाणै सिंह डकार करै छे ॥१०॥ अब मौछनपान मंगावो ॥ न्याहीजीरा हौठ रंगावो ॥ ११ ॥ लछमी गारी गावे ॥ धनि साहा शिवकरण सरावे ॥ १२ ॥

दोहा

जीम झूठ पूरण भये, कर भोजन भरपूर ।
फिर दूजी पंगत भई, जीमैं लूलहा लंगड़ा सूर ॥ १ ॥
संतनके संग सांवरो, जीमैं त्रिभुवननाथ ।
देवऋषीश्वर नारिकौं, नरसी परुसै हाथ ॥ २ ॥
सब जीमैं मनुहारतें, बहुत अघाय अघाय ।
सुरसुरपति जदुपति सकल, निज निज धाम सिधाय ॥३॥

नरसीजी आसण दयो, कथा कीरतन सार ।
जब जौसी कह लौटिके, फाटत पेट अपार ॥ ४ ॥
लुटैं धरण बोल विकल, जौसी करै विलाप ।
पेट फाट परस्यूं अबहीं, प्रगट्यो पूरब पाप ॥ ५ ॥

राग मारू

लुटपुट करै धरनपर लोटे बोलैं वचन अकराजी ॥ अजर अन्न भोजन करवायो जासी प्राण हमारा ॥ टेर-कह नरसीजी सुण जौसीजी कृष्ण भजत चित दीज्ये॥आसन मार अडिग हुय बैठो भजन बन्दगी कीज्ये॥१॥ कहकौकरिष सुन नरसीजी टाबरिया रुल जासी ॥ बूढी नार विभो घर नाहीं उणरै कौण कमासी॥२॥खोटी दशा करमकौ पेरयो हूँ थांरै घर आयौ ॥ भाग्य संजोग मिली विध ऐसी अजर अन्न मुख पायौ ॥३॥ बिगड्यौ लौक प्रलौक अधम गति भ्रष्ट कियो रे भाई ॥ भूत खदेड गँगाय मिठाई तैं मोहि आन खवाई ॥४॥ तब नरसी करुणा कर टेर्यो अश्वनिकुमार बुलाये ॥ जीवणमूर हडू विद्रु अमृतशुक्र धनवन्तरल्याते॥५॥देमौछनेखुमार मिठाईजीमणकी मन आई ॥ ऐसे भोजन शाक सलौने कहां मिलैंगे भाई॥६॥ लागी भूख अजीरण भागीवायकिलकिलाजागी ॥शोख समुद्र नीरबडवानल ऊद्र जगी जठरागी ॥७॥ मनमें कहै मांग नरसीपैं पालैं बांधलेजासूं॥ सरमांमरतौं यहां नहिं जीमूं बैठ इकंतर खासूं ॥८॥ जौसी मैं तो लख्यो नारायण छाव सिराणैं मेली॥ कह शिवकरण खाय सँगलीन्हो दिलकी दुरमत पेली॥९॥

पद राग मारू

पौढ़न धरन सांथरी फागी नैण नींद नहिं आईजी ॥

चींचड़ माकड डांस जुवां अत्ति बद्द दुख रैण विहाई ज्यूं ॥ त्यूं करके रात निकारी भइ अजगरी भारी ॥ सीख मांग श्रीरंगनौ जौसी विदा हुवे ब्रह्मचारी भयो विहान निरख नरसी गृह संपत दीखै नाहीं ॥ कांहां वह महल माल धन माया लोप भई छिनमाहीं ॥ २ ॥ बोले नहीं दसूं दिस डोल कहत सुनत संकोच ॥ चित्र समान भयो भ्रम भारी विप्र मनहिंमन सोचै ॥ ३ ॥ कह नरसी लौ सुण जौसीजी म्हें थांके घर आस्या ॥ सरधासम माहेरौ भरसा जहां थानैं विदा दिरास्यां ॥ ४ ॥ मन चाहै तौ अबही लेल्यौ रामरंज घरमाहीं ॥ तूंबी तूंबी गोपीचंदन थासूं दुसरा नाहीं ॥ ५ ॥ बड़ा संख रामेश्वरवाला इजेविजे दोय देखौ ॥ लंब अवाज बजाय मुखसूं आछीभांत परेखौ ॥ ६ ॥ जौसीजी थे भलां पधारयां म्हांपर किरपा कीज्यो ॥ धिन धिन भाग भलौ दिन म्हाकौ फिरकर दरसण दीज्यो ॥ ७ ॥ मनमें कहै सकल भर पायौ जीमतडा घर जाऊँ ॥ जूनागढ़के पंथ पांव धरे फेर कदे नहिं आऊँ ॥८॥ नमस्कार कर चल्यौ विराह्मण विनय परस्पर कीन्हीं ॥ बेगा आज्यौ माहेरौ ल्यायज्यो घणी भौलावण दीन्हीं ॥ ९ ॥ जोसीजी निज सकुन विचारै टुगर मुगर पंथ जोवै ॥ छूटी गेल जोवतौ जासूं सकुन भलेरा होवै ॥ १० ॥ पंथ पलाय दिवस दस चाल्यो नगर अंजारा पूगो ॥ कुशल क्षेम सब पूछ परस्पर आज भलौ दिन ऊगौ ॥ ११ ॥ नरसीजीकी समदेण पूछै किस्यूं बधाई पायौ ॥ पांवण चार कियो कितना दिन कांई सन्देसो ल्यायौ ॥१२॥ कह कौकलियौ सुण सेठाणी समदी मण्डप आसी ॥ मामेरामें गोपीचंदण मिरदंगा ताल बजासी

॥ १३ ॥ संख तंबूरा झालर वीणा मौरचंग औ वंगा ॥ साथे सूरदास दसवीसक चरच तिलक चितरंगा ॥ १४ ॥ कह शिवकरण डरी मनमाहीं श्रीरंगजीकी नारी ॥ जैसी तणीं हकीकत सुणकर हुवौ अचंबौ भारी ॥ १५ ॥

इति श्रीभक्तवत्सल बिडदरागकौतूहल नरसीमेहेताका मामेरा
तृतीय प्रकाश समाप्त ॥ ३ ॥

चतुर्थ प्रकाश ४.

दोहा

इत थोरे दिन व्याहके, नरसी कर मन सोच ।
जेहुं तो ले जेहूं कहा, नहिं जेहूं तौ पोच ॥

पद राग मारू

श्रीपति श्रीरणछोड़ सुमरकर नरसी जाजम ढारीजी ॥ भाई बंद सब भेला कीन्हां घरकी बात बिचारी ॥ टेर-अक्षत पीत दियै सबहीकूं पत्री आन बचाई ॥ नमस्कार लिख नाम-प्रनामें भेजी श्रीरंग बाई ॥ १ ॥ कुंवरबाईकौ व्याह रचौ है सब मिल माहेरे चालौ ॥ न्यूं पात सरधा सम कीज्यौ एक कापड़ा तो घालौ ॥२॥ सुनकर हँसे सकल भाई बन्द अच्छी बात बिचारी॥ श्रीरंगके घर रच्यौ स्वयंवर किति एक सरधा थारी ॥ ३ ॥ तब नरसीजी सौज बतावै पंचां आगल मेली ॥ गंगा गौली गोपीचंदन राम रंजकी थेली ॥ ४ ॥ तुलसीदल और डामरैंणुका तुंब लंगोटां टौपी ॥ बिचमैं संग गोपाल विराजे सौंज भली विध औपी ॥५॥ कोइ एक वचन मरमका मारै कोइ एक मुख मसकौड़े ॥ केइ मौसा केइ महणा देवै केइ छानै केइ चौड़े ॥६॥ कह माधौ भट सुण रे

नरसी काम घणौ घर म्हारै ॥ सूरदास दस लंगड़ा लूल्हा साथै सो है थारै ॥७॥ मरदंग ताल पखावज लै लै सब मिल हर-जस गासी ॥ संमदीकौ किरतारथ हौसी दरसण सौ तिर जासी ॥ ८ ॥ भायाकौं नरसी समझावै जीमौ घृत और खाजा ॥ पांवण चार मास इस करसां बणौ डीलमैं ताजा ॥ ९ ॥ कह सुन्दर भट सुण रे नरसी तैं कुलरीती छांडी ॥ नागरन्यात तणीं पत खोई निपट पेटकर मांडी ॥ १० ॥ कोई कर छींक कोई कर हिचकी कोई कर ऊठे खांसी ॥ कर कौगत सबही उठ भागा भई नग्रमें हांसी ॥११॥ तब नरसी करताल उठाई गुन गोविंदकौ गायौ ॥ कह शिवकरण हाथ धर पत्री पंथ द्वारका धायौ ॥ १२ ॥

दोहा

पत्री तुलसीपत्र धर , कर चंदनकौ लेप ।
चल्यौ दैन श्रीकृष्णकौ, विप्र मान मन छेप ॥ ११ ॥
पंथ द्वारका पीपली, धरी पत्रिका जाय ।
